कीटनाशक विनिर्माता कंपनियों द्वारा श्रम कानूनों तथा सुरक्षा उपायों का उल्लंघन

5162. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कीटनाशकों का उत्पादन करने वाली कंपनियां वर्तमान श्रम कानूनों और सुरक्षा उपायों का उल्लंघन कर रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान इन कानूनों तथा सुरक्षा उपायों का उल्लंघन करने के लिए कितनी कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी; और

(ग) क्या सरकार ने वर्तमान श्रम कानूनों तथा सुरक्षा उपायों के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कंपनियों के कार्यकरण की समीक्षा की है ?

श्रम मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी ।

National Authority for elimination of Child Labour

5163. SHRIMATI KAMLA SINHA:
SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA:

Will the Minister of LABOUR be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 3208 given in the Rajya Sabha on the 24th April, 1995 and state:

(a) what programmes have been framed by National Authority for elimination of child labour, particularly in hazardous jobs; and

(b) how many children, if any have been benefitted from such programmes and what are the details thereof?

THE MINISTER OF LABOUR (SHRI P. A. SANGMA): (a) and (b) The National Authority for the Elimination of Child Labour has adopted a plan of action titled "Identification, Release and Rehabilitation of Child Labour" to tackle the problem of child labour in the country. Briefly, it calls for a convergence of services and schemes of the Central and State Governments at the implementing level the District— to effectively handle the identification and rehabilitation of child labour, the economic rehabilitation of the family with child labour and stricter enforcement of relevant laws. This plan of action has been sent to all States/UTs for adoption. Government is presently engaged in the process of preparing a major action plan to eliminate child labour in hazardous occupations which is estimated at 20 lakhs. The Planning Commission has already earmarked an outlay of Rs. 34.40 crores for the year 1995-96 to enable the Government to launch the scheme in this regard. The year 2000 is the target for the elimination of child labour in hazardous occupations.

खान दुर्घटनाएं

5164. **श्री जनेश्वर मिश्र :**
कुमारी सरोज खापर्डे :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्ष के दौरान देश की खानों में हुई दुर्घटनाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ख) इन दुर्घटनाओं में मरने वाले तथा घायल श्रमिकों की संख्या कितनी-कितनी है;

(ग) घायलों तथा मृतकों के निकट संबंधियों को मुआवजे के तौर पर कितनी-कितनी धनराशि का भुगतान किया गया;